Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 05-01-2022 अंक 105

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## सूभ विचार




### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---06.01.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---हेमन्त
माहः---पौष
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः-चतुर्थी तिथि संध्या 04:57 उपरांत पंचमी तिथि
दिनः---गुरुवार
नक्षत्रः---धनिष्ठा नक्षत्र दिन 11:34 मिनट तक उपरांत शतभिषा नक्षत्र
योगः---सिद्धि
करणः---भ
सूर्योदय :---प्रातः 06:45
सूर्यास्त : संध्या 05:15
सूर्य :---धनु राशि में
चंद्रमा :---कुम्भ राशि में
आज का राहूकाल दिनः---01:30 बजे से दिनः---03:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः-दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से संतान सुख में वृद्धि होता है।
(नोटः---दिनांक 05-01-2022 के रात्रि 11:59 से 10-01-2022 के दिन 12:32 तक पंचक रहेगा।)



आलेख :
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# सोना सोबरन योजना के तहत विधायक ने किया साड़ी, धोती एवं लुंगी का वितरण, सरकार की गिनाई उपलब्धियां

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**




साडी धोती व लुॅगी वितरन करते बरही विधायक व अन्य

बरही– सोना सोबरन योजना के तहत दुलमहा, करियातपुर, बरसोत एवं धनवार पंचायत में साड़ी, धोती, लुंगी का वितरण विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में एक हज़ार से अधिक लाभुकों को साड़ी, धोती एवं लुंगी दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार जनता के लिए कई कार्य कर रही है । जिसमे नीलाम्बर पितंबर योजना के तहत तालाब निर्माण में 50% अनुदान के साथ किया जाना शामिल है। पशुधन योजना में ओबीसी श्रेणी के लोगों के लिए गाय पालन के लिए 50% अनुदान की व्यवस्था की गई है । वही एससी एसटी के लोगों के लिए 90% अनुदान की व्यवस्था सरकार ने किया है। मुर्गी पालन यदि कोई करते हैं तो झारखंड सरकार वैसे लाभुकों को मुर्गी पालन शेड फ्री बना कर देगी एवं चूजा लेने पर 50% सब्सिडी दिया जाएगा । अकेला ने कहा कि बीजेपी सरकार ने विधवा पेंशन का उम्र 40 वर्ष तय किया था जिसे झारखंड सरकार ने घटाकर विधवा पेंशन के लिए 20 वर्ष कर दिया है और रू1000 प्रत्येक पेंशन धारी को दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि यदि कोई 1 एकड़ में पेड़ लगाता है तो सरकार रू400000 तक उसे फ्री मुहैया कराएगी । गर्भवती महिलाओं को रू5000 बेटा होने पर और बेटी के पैदाइश पर रू120000 सरकार देगी और जब बेटी की शादी होगी तो उस समय रू30000 शादी के वक्त में दिया जाएगा। इस प्रकार शादी के टाइम पर उस लड़की के खाते में सरकार रू150000 डालेगी । शर्त है उस बच्ची को पढ़ना होगा। विधायक ने कहा कि बिरसा हरित योजना पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ योजना में पेड़ लगाइए ताकि भरपूर मात्रा में हम लोगों को ऑक्सीजन मिल सके । विधायक ने कहा कि करोना क०ल में इसी ऑक्सीजन की कमी के कारण कितने लोगों की जानें चली गई। श्रीनगर में बोलते हुए विधायक ने वहां की जनता को कहा कि श्रीनगर में एक करोड़ 35 लाख रुपए की लागत से तालाब सुंदरीकरण एवं गहरीकरण के लिए मैंने योजना पास करवाया है , और मैं इस बड़े तालाब में सीढ़ी बनवा देंगे । इससे छठ के अवसर पर बड़ी संख्या में छठ व्रतियों को इससे लाभ पहुंचेगा। राजस्व ग्राम भ्रमण कार्यक्रम में विधायक के साथ कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष ड०क्टर निजामुद्दीन अंसारी, जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी ,दूल्महा ग्राम पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू असलम, कार्यक्रम में धनवार के वासुदेव यादव, मनोज रविदास, सीताराम यादव, महेश प्रसाद, मनोज रविदास, मनोज मंडल, विशुन धारी महतो, राम कुमार दास, मोहम्मद इसराइल, मोहम्मद सरताज, इकबाल रजा प्रखंड अध्यक्ष, मोहम्मद गुलजार, निजाम अंसारी पूर्व उप मुखिया, रुस्तम अली स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि, कमालुद्दीन सहित बड़ी संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता और कांग्रेस के समर्थक उपस्थित थे।

# धनवार में धन अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ शुभारंभ







**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह में बुधवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभा. रंभ हुआ। धान क्रय केंद्र का शुभारंभ गुड़िया देवी, सुनैना देवी, रंजना देवी, रुक्मणि देवी, सबीना खातून, फरहद जहा ने संयुक्त रूप से फ़ीता काट एवं नारियल तोड़कर किया। धनवार पैक्स के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि धनवार पंचायत में धान क्रय केंद्र का खुलने से यहाँ के किसानों को लाभ होगा। और उन्हें अपने अनाज का उचित मुल्य मिल पाएगा । मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भा. जपा प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय, पूर्व मुखिया सह सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र प्रसाद, पूर्व प्रमुख रामशाहय महतो, दमोदर प्रसाद, समाजिक कार्यकर्ता मंटू गोप, नरेश प्रसाद, प्रकाश साव, जगदीश महतो, दिलीप प्रसाद, बासदेव प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, कार्तिक महतो, राजेन्द्र रविदास, लालधारी महतो, सुरेश यादव, प्रकाश प्रसाद, नंदलाल प्रसाद, ब्रमदेव यादव, संभु महतो, प्रभु महतो, सुबोध कुमार यादव, तिलक यादव, रामजी प्रसाद, दिलीप प्रसाद, बीरेन्द्र प्रसाद, संतोष प्रसाद, गोविंद प्रसाद, बलराम यादव, सुरेश प्रसाद, केशव महतो, उमेश यादव, लुकन यादव, मनोज कुमार, बीरेन्द्र भगत, अशोक प्रसाद, छठु महतो, बासदेव प्रसाद, हरि प्रसाद, सुरेश रविदास, राजेश रविदास, सोनू कुमार, रवि कुमार, उपेंद्र प्रसाद, विजय प्रसाद, जयप्रकाश प्रसाद, बीरेन्द्र रजक, सुरेश प्रसाद, कुशवाहा, अजित प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद एवं पंचायत के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# डॉ भीम राव अम्बेडकर पब्लिक स्कूल ने गरीब, असहाय के बीच किया शॉल वितरण

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**




बरही : डॉ भीम राव अम्बेडकर पब्लिक स्कूल मलकोको में शॉल वितरण किया गया। ठंढ व शीतलहर को देखते हुए विद्यालय परिवार ने ग्राम मलकोको, चतरो, बरियठा से गरीब, असहाय महिला व पुरुष लोगों को शॉल देकर सहयोग किया। डॉ अम्बेडकर स्कूल के प्रधानाध्यापक गुलाब कु दास ने कहा कि ठंढ बढ़ने और शीत लहर बढ़ जाने के कारण हम विद्यालय परिवार ने कुछ असहाय, गरीब लोगों को शॉल देकर सहयोग किया। हमारे विधालय में सैकड़ों गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा दिया जाता रहा है और आज भी हम वैसे बच्चे जो गरीब हैं, असहाय हैं उन्हें मुफ्त शिक्षा देने का काम किया जा रहा है। शिक्षा होगा तभी समाज का उत्थान होगा। हम इसके लिए संकल्पबद्ध हैं। वैसे बच्चे जो गरीब हैं लेकिन उनके अंदर पढ़ने का लग्न होता है, और उनके अंदर प्रतिभा की कमी नही होती है। बस जरूरत है उन्हें शिक्षा दिया जाय तो वह गरीब, असहाय बच्चे भी समाज व देश का नाम रौशन करेंगें। इसी आशा और विस्वास के साथ हम विधालय परिवार शिक्षा को घर-घर तक पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं। निर्देशक दिनेश यादव ने कहा कि यह शॉल वितरण करना हम विधालय परिवार के लिए सौभाग्य की बात है। हम हमेशा लोगों को सहयोग के लिए तैयार हैं। उपप्रधानाध्यापक सूरज दास ने कहा कि हम विधालय परिवार शुरुआत से ही गरीब, लाचार, असहाय लोगों को मुफ्त शिक्षा देने का काम किया है। और आज भी शीत लहर बढ़ जाने के कारण बुजुर्ग, असहाय, गरीब लोगों को शॉल देकर सहयोग किया गया। यह सुदूरवर्ती इलाके की विधालय है। यहां सैकड़ो बच्चे हैं जो गरीब हैं वैसे लोगों को सहयोग के लिए हमारा विधलाय परिवार सदैव तत्पर है। मौके पर विधालय के प्रधानाचार्य गुलाब कु दास, निर्देशक दिनेश यादव, उपप्रधानधयापक सूरज दास, शिक्षक शंकर दास, प्रवीण कुमार, सकलदेव कु यादव, रोहित यादव, शिव कुमार, सीमा कुमारी सहित अभिभावक उपस्थित हुए।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गों एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## तुलसी प्रसाद बने भाजपा ओबीसी मोर्चा सोशल मीडिया के जिला सह संयोजक

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**मानव राज सिंह**

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा जाति मोर्चा हजारीबाग जिला सोशल मीडिया के सह संयोजक बरकट्ठा निवासी तुलसी प्रसाद को मनोनीत किया गया है। इन्हें भाजपा पिछड़ा जाती मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार चंद्रवंशी ने मनोनयन पत्र सौंपते हुए मजबूती के साथ संगठन के लिए कार्य करने का निर्देश दिया है। तुलसी प्रसाद की राजनीतिक सक्रियता को देखते हुए इन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। नव मनोनीत सोशल मीडिया जिला सह संयोजक ने बताया कि पार्टी ने जो विश्वास जताते हुए दायित्व सौंपा है उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा। पार्टी के नीति सिद्धांत और



तुलसी प्रसाद

केंद्र सरकार तथा पूर्व के रघुवर सरकार के द्वारा किए गए कार्यो को घर घर तक पहुंचा कर पार्टी को और सशक्त बनाने का काम करूंगा ।जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र प्रसाद चौधरी ने कहा कि बरकटठा में ओबीसी मोर्चा सशक्त और मजबूती से संगठन को बढाने का काम करेंगे द्यइनके मनोनयन पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव , भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, प्रदेश प्रवक्ता कुमकुम देवी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी,ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता, जिला महामंत्री बिनोद भगत, व कैलाश कुमार, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद चौधरी, जिला मंत्री श्याम किशोर प्रसाद, महेंद्र ठाकुर,बरकटठा मंडल अध्यक्ष टूकलाल नायक, बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद,कार्यालय मंत्री राजन वर्मा आदि ने बधाई दी।

## भाजपाइयों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला जलाया

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**



सीएम हेमंत सोरेन का पुतला दहन करते भाजपयी

बरकट्ठा प्रखण्ड के बरकट्ठा फोरलेन चौक पर चक्रधरपुर में भाजपा के पूर्व विधायक गुरचरण नायक पर नक्सली हमला के विरोध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला जलाया गया ज्ञात हो उक्त हमले में दो झारखंड पुलिस के जवान भी शहीद हो गए भाजपाइयों ने हमलावरों की गिरफ्तारी व झारखंड सरकार के नीतियों के विरोध में यह प्रदर्शन किया जुलूस में झारखंड सरकार हाय हाय व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुर्दाबाद के नारे लगे पुतला दहन की अगुवाई भाजपा प्रदेश भाजपा नेतृ कुमकुम देवी मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, केदार साव,मो खलील अंसारी, रघुवीर प्रसाद, सुरेंद्र साव, राज. कुमार यादव, अनिल कुमार आजाद,जागेश्वर प्रसाद, राजकुमार प्रसाद समेत बडी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे ।

## बीडीओ ने जरूरतमंद को कम्बल वितरण किया

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्र चेचकपी पंचायत के ग्राम चौथा, रौंशा, केवालू, उपरैलीडेबो, डुमरडीहा, पंचरुखी, तिलैया, हेठलीडेबो, और सिझुआ, में जरूरतमन्दो के बीच सरकारी कंबल, का वितरण बीडीओ कीर्तिबाला लकड़ा ने किया मौके पर आदर्श निकेतन युवा समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, सचिव मनोज मुर्मू, भारत जकात मांझी परगना महल के बरकट्ठा प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा,वीरेंद्र हेम्ब्रम, सुरेश सिंह, महेश सिंह, राजाराम सिंह, ने कंबल वितरण में सहयोग किया गया।



गरीबों को कंबल वितरण करते बरकठ्ठा बीडीओ

## कोरोना की बढ़ती रफ्तार को लेकर हज़ारीबाग सदर विधायक गंभीर अपने प्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं संग की आपातकालीन बैठक

**अपेम लाइव : हरारीबाग**
**अमरजीत कु0 सिह**

कोरोना की तीसरी लहर की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गंभीरता से लिया है और उन्होंने अपने विधायक प्रतिनिधि और भाजपा के मंडल अध्यक्ष संग एक आपातकालीन बैठक मंगलवार को अपने विधायक कार्यालय सभागार में आहूत की ओर कोरोना की तीसरी लहर से निपटने और जनमानस को सुरक्षित बनाने को लेकर विशेष चर्चा करते हुए रणनीति बनाई



## विधायक ने सुदन में पैक्स का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



पैक्स का उद्घाटन करते विधायक अमित कु0 यादव

चलकुशा : प्रखंड अंतर्गत सुदन पंचायत में धान पैक्स केंद्र का उद्घाटन बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी ईएमओ कारु राम विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह उप प्रमुख दुर्गा यादव पैक्स अध्यक्ष पवन कुमार मोदी ने फीता काटकर किया। संचालन राजकिशोर मोदी ने किया। विधायक ने कहा कि सुदन में धान क्रय केंद्र खुलने से सुदन के अगल-बगल पंचायत के किसान लोगों को कम परेशानी होगी बिचौलियों के हाथों अपना धान ना बेच कर सीधा पैक्स में धान बेचें सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य सीधा किसान के खातों में आएगा और कहा कि चौबे चलकुशा का मुख्य मार्ग का एनओसी मिल गया है जल्द ही रोड बंन कर तैयार हो जाएगा चल कुसा में बिजली पावर सबस्टेशन बना है लेकिन कार्य नहीं कर रहा है जो 33हजार तार जोड़ने के लिए वन विभाग और सरकार से परमिशन मिल गया है जल्द ही इसकी शुरुआत हो जाएगा, पूरे प्रखंड को समुचित बिजली मिलना शुरू हो जाएगा। इस मौके पर सुदन प्रधान नंदलाल पांडे पंचायत समिति सदस्य विनोद यादव पूर्व प्रधान प्रयाग मोदी, रामदेव यादव, विनय कुमार ,किशोर यादव, पवन चौधरी, विकास मोदी, चंदन यादव, पवन कुमार पंडित, कृष्णा साव समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित,    एडिटिंग- धनंजय कुमार    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कुबरी गांव में लगा नया ट्रासफार्मर

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह सब्बा अहमद**



बिरनी के कुबरी गांव में ट्रांसफार्मर उड़ जाने के कारण महीनों से अंधेरे में थे लोग जिसको तत्काल पहल करते हुवे बगोदर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक विनोद सिंह और मध्य जाः न के जिला परिषद सदस्य कॉमरेड कैलाश यादव जी के संयुक्त पहल पर कुबरी गांव में लगा 200 ाअ का ट्रांसफार्मर जिससे गाँव के लोग काफी उत्साहित थे जिसका विधिवत उदघाटन मध्य ज०न जिला परिषद सदस्य कैलाश यादव, पूर्वी ज०न जिला परिषद सदस्य प्रति. निधि सह भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य मुस. तकिम अंसारी ने किया मौके पर मौजूद थे भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य सहदेव यादव, प्रखंड कमिटी सदस्य इजरायल अंसारी, रंजीत यादव। अभिभावक स्वरूप रुस्तम मियां, ईशु मियां, साहबान अंसारी,सरफराज अंसारी, मासूम अंसारी,बब्लू अंसारी इसराफिल अंसारी, पुनीत यादव अर्जुन यादव अशोक यादव, खुर्सीद अंसारी, अप्पू पंडित, कमरुल अंसारी, अजय यादव, मोकिल अंसारी,इम्तेयाज अंसारी, इजाज अंसारी, सद्दाम अंसारी, इद्रीस मियां एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## 15 साल 18 साल के बच्चों को कोरोना की वैक्सीन लगी

**अपेम लाइव : मुफस्सिल/गिरिडीह प्रमोद कुमार**



गिरिडीह के सदर प्रखंड के बंदरकुप्पी उच्य विद्यालय में 15 साल से 18 साल तक सभी बच्चो को कोरा. ेना की वैक्सीन लगी।ि. जसमे पालमो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जितेन्द्र पांडेय एवम पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र प्रसाद यादव ने ग्रमीणों से अपील किया कि सभी लोग वै. क्सीन लगवा ले जिससे आप सुरक्षित रह सकते है। जिससे बच्चे कोरोना के खतरे से सुरक्षित रहेंगे।त. था विद्यालय के बचे को भी टिका लगवाया गया।इसमें बच्चो में काफी खुशी का माहौल को देखा गया।आज लगभग 150 से अधिक बच्चो का वे. क्सीन हुआ। इस केम्प में आर टी पी सी आर टरनेट, एंटीजन का भी जांच स्वास्थ्यकर्मियों दाल द्वारा किया गयां मोके पर एम पी डब्ल्यू जितेंद कुमार, ये एन एम नीलू कुमारी, बी टी टी महादेव सेन,सहिया प्रियंका गुप्ता,रेखा देवी, कम्प्यूटर आःपरेटर सुनील कुमार उपस्तित थे।

## वैक्सीनेशन सर्वेक्षण, मनरेगा एवं अन्य कई मुद्दों को लेकर बीडीओ ने किया बैठक

**अपेम लाइव गावां / गरिडीह मुजाहिद अली**




गावां प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रभारी बीडीओ संतोष प्रजापति ने सुपरवाइजर एवं बीएलओ के साथ बैठक किया। बैठक में अब तक प्रखंड में किये गए वैक्सीनेशन का सर्वेक्षण किया गया। बीएलओ के माध्यम से सूची ली गयी कि अब तक कितने लोगों ने वैक्सीन नही लिया है। आज के सर्वेक्षण रिपोर्ट से लगभग 70 प्रतिशत आंकड़ा उपलब्ध हो गया है। साथ ही प्रखंड में चल रहे मनरेगा योजनाओं की जानकारी भी ली गयी। बैठक में सोशल अ०डिट और आधार सीडिंग पर भी चर्चा किया गया। 15 से 18 वर्ष के अधिक से अधिक लोगों को वैक्सीन दिए जाने का निर्देश दिया गया और जो लोग अभी तक वैक्सीन नही लिए है उन्हें भी वैक्सीन दे कर सत प्रतिशत वैक्सीनेशन करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ, सहिया, सेविका, पंचायत सेवक समेत दर्जनों कर्मी मौजूद थे।

## सुदूरवर्ती गांवों में बच्चों के बीच किया गया गर्म कपड़े का वितरण

### सुदूरवर्ती गांवों के लोगों ने कम्बल वितरण की मांग दुहराइ

**अपेम लाइव गावां / गरिडीह मुजाहिद अली**



कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के बाल अधिकार कार्यकर्ताओं द्वारा गावां के कपड़ा व्यापरियो से जैकेट एवं गर्म कपड़े संग्रहित किया गया था जिसे आज पसनौर पंचायत के सुदूरवर्ती बाल मित्र ग्राम बल्थरवा एवं अमतरो पंचायत के बाल मित्र ग्राम ढ्लिुआ में दिव्यांग एवं जरूरतमंद बच्चों के बीच वितरण किया गया। सुदूरवर्ती बाल मित्र ग्राम ढ्लिुआ, ककड़ियार, हरदिया, सिजुवाई, डूमरझारा एवं गरहीसांख के वरिष्ट नागरिकों ने ग्राम पंचायतों के मुखिया एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गावां से कंबल वितरण करने की मांग की है। गर्म कपड़े एवं जैकेट संग्रह करने में स्थानीय रिंकू वर्णवाल, सुबोध वर्णवाल, समाजसेवी सागर चौधरी,कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के बाल अधिकार कार्यकर्ता उदय राय, कृष्णा पा. सवान,सुरेन्द्र सिंह,मो.आरिफ अंसारी और सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी का अहम योगदान रहा।

## राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह सब्बा अहमद**




बिरनी थाना क्षेत्र के कई गांव में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड राज्य के सभी जिला के प्रखंडों में गाय और भैंस के चार से आठ माह के सभी मादा गोवंशीय बछियो का टीकाकरण किया जा रहा है। इस निमीत जीवाणु से होने वाली ब्रूसेलोसिस से हो रहे गर्भपात बार–बार गर्म होने हम बांझपन के स्थाई रो. कथाम एवं उन्मूलन हेतु बिरनी प्रखंड में सेनब्रू–ओ टीकाकरण अभियान किया जा रहा है प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी ड०क्टर नीरज कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक प्रखंड में सैनब्रू–ओ टिका का लक्ष्य रखा गया है जिसमे आम पशुपालक किसान टीका कर्मी कृत्रिम गर्भाधान कर्मी को सहयोग कर टीकाकरण अभियान को सफल बनाना है बताया कि ब्रूसलोसिस बीमारी का इलाज संभव नही है और यह टीकाकरण चार से आठ माह के मादा गोवंशीय बछियों में जीवनकाल में एक बार करना आवश्यक है ऐसे में पशुपलको के सहयोग से ब्रूसेलोसिस बीमारी की स्थायी रोकथाम एवं नि. राकरण किया जा सकता हैं। जिसका टीकाकरण एफ टेक्नीशियल मनोज कुमार वर्मा वा अनिल राय के द्वरा गांव गांव में छुमकर दिया जा रहा है।

## अखबार में छपे खबर को संज्ञान में लेकर प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया जांच

**अपेम लाइव गावां / गरिडीह मुजाहिद अली**

विगत दिनों अखबार में छपे खबर जिसमे मनरेगा के बीपीओ, रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव पर लगे पैसे लेने के आरोप मामले को संज्ञान लेते हुए गावां के प्रभारी बीडियो संतोष प्रजा. पति ने बताया कि उक्त विषय में हम लोग बैठक कर चर्चा किए और जांच भी किए। उन्होंने कहा कि जो लोग पशु शेड आदि योजनाएं लेने योग्य होंगे उन्हें ही योजना दी जाएगी। मनरेगा ज०ब कार्ड में आधार सीडिंग से फर्जीवाड़ी की सारी बातें सामने आ जाएगी और उसके बाद खुद–ब–खुद सारा ज०ब कार्ड डिलीट हो जाएगा। वहीं उन्होंने पैसे मांगने के सम्बंध में बताया कि अधिकारियों ने इससे साफ इनकार किया और कहा कि यह आरोप बेबुनियाद है। हमलोगों ने किसी से पैसे नहीं मांगा हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सही कागजात मिलने के बाद ही योजनाओं की स्वीकृति दी जाएगी।




APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## गडबडी : डहरभंगा पैक्स प्रबंधक ने फर्जी किसान दिखा राशन कार्डधारियों के खाते से निकाला लाखों रुपये

## अधिक धान देने पर राशन कार्ड कटने की जांच, कार्डधारकों में बढी बेचौनी

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार**



भुक्तभोगी शमीम अंसारी

टाटीझरिया प्रखंड में पैक्स में हुए घोटालों का एक के बाद एक मामले सामने आ रहे हैं। प्रखंड के होलंग में संचालित पैक्स क०परेटिव बैंक में हुए घोटाले के बाद बैंक पिछले साल भर से बंद है। यहां लगभग 20 से 30 लाख रूपये घोटाले की बात कही जा रही है। अब टाटीझरिया के डहरभंगा में पिछले वर्ष पहली बार खुले पैक्स का मामला सामने आ रहा है। लोगों ने यहां प्रबंधक के द्वारा गडबडी किये जाने का आरोप लगाया है। जिनके पास धान उत्पादित करने लायक खेत नहीं है उनके नाम पर 51 क्विंटल से 100 क्विंटल तक धान बेचने का रिकार्ड बना दिया गया है। यह कारनामा बड़े घोटाले का संकेत दे रहा है। जो मजदूरी और मिस्त्री का काम करता है, जिनके पास खेत भी नहीं है, उनके नाम पर लाख रुपये से भी अधिक का धान बेच उनके खाते से रुपये की निकासी कर ली गई है। डहरभंगा पंचायत के केसड़ा गांव निवासी शमीम अंसारी धान बिक्री की सूची ले दर-दर भटक इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं। दरअसल इन्हें उनके पीडीएस दुकानदार ने सूची दिखाते हुए कहा कि आपलोग के नाम पर 51 क्विंटल से लेकर 100 क्विंटल तक का धान बेचा गया है, इसलिए आपके पीएच व एएवाई का कार्ड रद्द करने का आदेश प्राप्त है। सूची देखते ही उनके पैर तले जमीन खिसक गई है। यह कोई एक लाभुक की कहानी नहीं है, बल्कि केसड़ा गांव के दर्जन भर लाभुकों की कहानी है। इनमें लैला खातून के बैंक खाता में 134808 रूपये, आरती देवी के खाते में 127100 रूपये, राजू कुमार ठाकुर के खाता में 106600 रूपये, शमीम अंसारी के खाता में 143254 रूपये, अनवर अंसारी के खाता में 139974 रूपये, धानेश्वर कुमार के खाते में 114800 रूपये, राजेश कुमार शर्मा के खाता में 133250 रूपया शामिल है। इसके अलावा ऐसे और भी कई लोग हैं जिनके खाते में पैसा डाला गया है। जिनका नाम उक्त सूची में दर्ज है। इन व्यक्तियों में कुछ मजदूर, कुछ मिस्त्री तो कुछ बेरोजगार हैं। जिनके नाम पर केवल रहने का घर है। शमीम ने बताया कि जब वे धान की खेती करते हैं नहीं हैं तो धान बेचने का सवाल ही नही है। लोगों ने आरोप लगाया है कि क०परेटिव में खाता रहने के कारण प्रबंधक के द्वारा धान का पैसा उसके खाता में डाल दिया गया है। पैक्स प्रबंधक संतोष राम से पूछने पर बताया कि जो लोग बटाई खेती करते हैं वे धान बेच सकते हैं। ये सब उसी वर्ग से आते हैं। किसानों के पैसे उन्हें नहीं मिलने की बात पर बताया कि दूसरे किसान का धान उनके नाम पर लिया गया था तो पैसा उसे कैसे मिलता। बीसीईओ राजन एक्का से पूछने पर बताया कि उन्हें अबतक इसकी जानकारी नहीं मिली है।

## भावी मुखिया उम्मीदवार ने दादपुर पंचायत में तीन सौ कम्बल का किया वितरण

## निरंतर जारी रहेगा जरूरतमंदों का सेवा, मिलता है सुकून : संजय यादव

**अपेम लाइव :चौपारण**



नेवरीकरमा निवासी सह दादपुर पंचयता से भावी मुखिया उम्मीदवार संजय यादव ने पंचायत के भिन्न भिन्न गाँवो में जरूरतमंदों के बीच लगभग तीन सौ कम्बल व सैकड़ो बच्चो के बीच बिस्कुट का वितरण किया। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए समाजसे.वी संजय यादव ने बताया कि हमने दादपुर, सिंहपुर, हथिया, छत्ररपुरा, हारपुर, मंझौलिया, करमा आदि गाँवो में जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया। कहा मैं निरन्तर जरूरमन्दों के बीच सेवा भाव से कार्य किया है भविष्य में भी करता रहूंगा। कहा पंचायत चुनाव में मुखिया पद पर अपनी दावेदारी पेश कर जनता के बीच जाऊँगा अगर मौका मिला तो दादपुर पंचायत को अग्रणी स्थान तक ले जाऊंगा। मौके मो सेराज, पिंटू यादव, जितेंद्र सिंह, कैलाश सिंह, अखिलेश सिंह, अमित कुमार सिंह, नितेश सिंह, रिजवान अहमद, नवीन यादव, अजय यादव, सुधीर यादव, सूर्यदेव यादव उर्फ भद्दू , रामबृक्ष सिंह, सोवा यादव आदि उपस्थित थे

## सिमरिया धौड़ा का ट्रांसफार्मर कर रहा है लोगो को परेशान बदलने का आवेदन साल पर से दिया जा रहा है लेकिन कोई नहीं ले रहा है सुध

## कई क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर को लेकर लोग परेशान

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**चन्दन पाण्डेय**



माले के टीम राज,सला.उद्दीन,कलाम, सनी आदि को सिमरिया धौड़ा बुलाया गया चुकि माले के टीम हरेक जगह एक्टिभ है,उन्होंने ट्रांसफार्मर का जायजा लिया ट्रांसफार्मर से तेल निकल रहा है,कनेक्शन का लोड ज्यादा है,वोल्टेज नहीं दे रहा है,स्विच नहीं लगा है हादसा को न्योता दे रहा है,तमाम नेतृत्वकर्ता ने विधानसभा प्रभारी को यह बात बताई, राजेश सिन्हा ने कहा ही रघुवर सरकार में भी बिजली विभाग को समान मुहैया नहीं कराया जाता था और अब झारखंड सरकार में भी यही हाल बरकरार है बिजली विभाग परेशान है जनता परेशान है,ज्ञात हो बिजली विभाग भी जनता को सेवा नहीं दे पाती है क्योंकि जब भी नया ट्रांसफार्मर आता है वह नेता अपने वोटरों को लुभाने के लिए पहले ही अपने इलाके में बुक बिजली आफिस से साठ गाँठ कर लेते है जो सिर्फ शांत वाले जनता है उनको कुछ नहीं मिल पाता है। मुहल्ले वाले ने कहा कि माले धरातल पर काम करती है इसलिए हमलोग जल्द सदस्यता लेंगे। उप.स्थित थे मो सिराज,मो रहमत,मो समीर,मो बादल, मो असलम, मो हकीम मो शाहिद,मो निशार मो शाहिद, मो मुस्ताक आदि उपस्थित थे।

## नगर निगम के सभागार मे प्रधानमंत्री आवास योजना संबंधित किया गया बैठक

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**चन्दन पाण्डेय**



नगर निगम के सभागार में उप नगर आयुक्त राजेश प्रजापति की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सभी वार्ड पार्षदों के साथ किया गया बैठक, बैठक में मुख्य रूप से आवास योजना में राशि की भुगतान देर से हो रही है जिसको लेकर भी पार्षदों ने उप नगर आयुक्त से चर्चा किया और पेमेंट की स्थिति सुधारने की बात कहीं वही नई सूची भी तैयार करने पर सभी पार्षदों को कहा गया, इधर दूसरी और देखा गया कि बढ़ते कोरोना को देखते झारखंड सरकार के निर्देशानुसार गाइडलाइन की शुरुआत करने की अपील की,मौके पर जिला प्रशासन के द्वारा सरकार के गाइडलाइन पालन को ले शहरी क्षेत्र के मुख्य चौक चौराहों में जिला प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च कर कीविड का नियम पालन के लिए नागरिकों को जागरूक किया गया,इसके बाद भी नगर निगम सभाकक्ष में देखा गया कि उप नगर आयुक्त सहित वार्ड पार्षद बिना मास्क पहने बिना सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किए बैठक में भाग लिया,अगर विभाग का ही यह हाल रहा तो आम नागरिकों का क्या हाल होगा।




## गिरिडीह प्रशासन द्वारा पूरे शहर में कोरोना गाइडलाइन का अनुपालन करवाने हेतु दिया गया निर्देश

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**चन्दन पाण्डेय**



सरकार के द्वारा आए जिले में कोविड गाइडलाइन आने के बाद गिरिडीह के जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरे मुस्तैद दिखे, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा शहर में चल रहे हैं खंडोली पार्क पर्यटन स्थल को तत्काल बंद करवाने को लेकर प्रशासन की पूरी टीम पर्यटन स्थल खंडोली पहुंचे, वहां पहुंचने के बाद लोगों को गाइडलाइन बताते हुए तुरंत पार्क को खाली कराया गया, वही सभी को हिदायत देते हुए बताया गया कि कल से सभी तरह के पार्क और पर्यटन स्थल सरकार की गाइडलाइन के बाद बंद कराया जा रहा है,वही पुलिस अधीक्षक अमित रेनू ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सरकार के दिए गाइडलाइन का अनुपालन करना जरूरी है ,सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी जगह के पार्क पर्यटन स्थल को बंद करा दिया गया है, लोग सुरक्षित रहें मास्क का उपयोग करें,सा.शल डिस्टेंस का पालन करें, वही मौके पर गिरिडीह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा,पुलिस अधीक्षक अमित रेनू,अनुमंडल पदाधिकारी विशाल दीप खलखो, सीओ रवि भूषण प्रसाद, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह,नगर थाना प्रभारी आर एन चौधरी, बेंगाबाद थाना प्रभारी सहित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के सभी अधिकारी, व जवान मौजूद थे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## चौपारण में सीएम हेमन्त का भाजपाईयों ने जलाया पुतला

**अपेम लाइव :चौपारण**




भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार चौपारण भाजपा ने ब्लoक मोड़ चौपारण में मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा के नेतृत्व में भाजपा के पूर्व विधायक गुरुचरण नायक के काफिला पर हमला के दौरान शहीद हुए दो जवान के विरोध और हेमंत सरकार की गिरती हुए शासन व्यवस्था के विरोध में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। जिसमे भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, मिशन मोदी अगेन पीएम के जिला उपाध्यक्ष गजाधर प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, सांसद प्रतिनिधि बरहि के अनुमंडल वन एवं पर्यावरण विभाग सीताराम साहु,सांसद प्रतिनिधि खाद्य आपूर्ति विभाग चौपारण प्रखंड सुनील कुमार सिंह, प्रखंड महामंत्री कृष्णा कुमार साव, पूर्व मंडल महामंत्री गिरिजा साव, कार्यालय प्रभारी तपेश्वर ठाकुर, मिशन मोदी अगेन पीएम का प्रखंड अध्यक्ष बबलू सिंह, मनीष सिन्हा, उगंती सिंह, देवकुमार दांगी, आशीष कुमार गुप्ता , अजय पासवान, अशोक ठाकुर, रंजीत सिंह, सुधीर कुमार कौशल, सहित कई भाजपा कार्य कर्ता शामिल थे।

## लकुरा में बिरहोर की मौत

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड के लकुरा निवासी 30 वर्षीय सोनी बिरहोर,( पति संजय बिरहोर) की आकस्मिक मौत बुधवार की सुबह 4 बजे हो गई। बताया जाता है कि सोनी बिरहोर अपने पति के साथ महूगाई कला में ईट भट्ठा में मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन यापन करती थी। मंगलवार की रात सोने के बाद सुबह वह उठी फिर उठकर पुनरू सोई लेकिन दोबारा नहीं उठी। जब 4 माह की बच्ची सुबह रोने लगी तब पति ने उठाने की कोशिश की, लेकिन सोनी बिरहोर दोबारा नहीं उठी। तुरंत सोनी को बड़कागांव समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जांच के उपरांत डoक्टर ने मृत घोषित कर दिया डoक्टर ने बताया कि परिजन का कहना है कि दो-तीन बार मिर्गी दौरा हुआ था। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज पहुंचकर शव को दफनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिए। वहीं, मुखिया प्रतिनिधि रामू गंझु ने बताया कि सरकार के द्वारा दिए जा रहे सभी प्रकार के लाभ सोनी बिरहोर को दिया जा रहा था। ठंड को देखते हुए मृत्यु के 8 दिन पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी के सौजन्य से कंबल भी उपलब्ध करवाया गया था। सोनी बिरहोर अपने पीछे पति और दो बच्ची छोड़ गई है।

## पिछडा वर्ग संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश प्रसाद ने पीएम के सुरक्षा को लेकर उठाए सवाल

**अपेम लाइव : बड़गांव**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पंजाब दौरे पर जा रहे थे। इस दौरान उनकी सुरक्षा बहुत बड़ी चुक हुई है जिसको लेकर पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के रामगढ़ जिलाध्यक्ष राजेश प्रसाद ने प्रेस बयान जारी कर कहा है की मा प्रधानमंत्री की सुरक्षा में सेंध की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से पंजाब सरकार नैतिक और संवैधानिक रूप से विफल साबित हुई ,मुख्यमंत्री को जिम्मेदारी लेकर पद छोड़ना चाहिए अन्यथा साजिश करने वाली सरकार के विरुद्ध कार्यवाही होनी ही चाहिए । राजेश प्रसाद ने कहा ने कांग्रेस की ये दोहरी चाल है प्रधानमंत्री किसी एक व्यक्ति का प्रधानमंत्री नही होता है वो तो पुरा देश का प्रधानमंत्री होता है और उनकी सुरक्षा को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री, पुलिस पदाधिकारी को उनकी सुरक्षा को लेकर जवाब अवश्य देना चाहिए । जब देश मे प्रधानमंत्रि ही सुरक्षित नही है तो वहां के नागरिक अपने आप को कैसे सुरक्षित महसूस करेगे

## भाजपाईयों ने किया हेमन्त सोरेन का पुतला दहन

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड में दोनों मंडलो के द्वरा बुधवार को बिरनी प्रखंड मुख्यालय के सामने में भाजपाईयों ने किया राज्य सरकार का पुतला दहन । वही भाजपा प्रदेश दीपक प्रकाश एवं झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भा. जपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार झारखंड राज्य में लगातार चरमराती कानून व्यवस्था के खिलाफ, भाजपा बिरनी द्वारा बिरनी। मुख्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। बता दे झारखण्ड में सिमडेगा में एक व्यक्ति को जिंदा जला दिया गया तथा पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत मनोहरपुर के पूर्व विधायक श्री गुरुचरण नायक पर माओवादियों के द्वारा हमला तथा उनके दो अंगरक्षकों की निर्मम हत्या कर दिया जाना बेहद चिंता का विषय है। राज्य में आपातकाल जैसी स्थिति पैदा हो गई है। सरकार सभी मोर्चे पर विफल हो चुकी है। सोचने की बात है कि जब राज्य में पुलिसकर्मी भी सुरक्षित नहीं है, डoक्टर, इंजीनियर, जज भी सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता का क्या होगा ।उपर्युक्त विषयों को गंभीरता से लेते हुए मुख्य अतिथि के रूप में बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो उपस्थित थे नागेंद्र महतो अपने संबोधन में कहा कि झारखंड में उग. वादियों को पहन देने वाला हेमंत सोरेन के ही सरकार से ही दिया जा रहा है इनके सरकार में राज्य में 3200सो से अधिक बलात्कार 1271लूट 224 डकैती 3488 हत्याएं हो चुकी है इनके सरकार कोई भी सुरक्षित नही बच पाया है। बिरनी मंडल अध्यक्ष रा. जदेव साव संसद प्रतिनिधि महेंद्र यादव के नेतृत्व में आज हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। मौके पर लक्ष्मण दास प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सिंह राजेंद्र राम सुभाष वर्मा मीडिया प्रभारी रंजीत राय प्रवीण प्रभाकर बालेश्वर साव विक्रम तर्वे आजाद तुरी जितेंद्र सिंह प्रकाश सिन्हा सुखदेव साव सागर दास सदानंद वर्णवाल एवं सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे

